आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## जे.पी. नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि केन्द्र द्वारा दी गई धनराशि का राज्य सरकार सही ढंग से आबंटन नहीं कर पाई है। कांगड़ा के गग्गल में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार ने खुद ही अव्यवस्था फैला रखी है। नड्डा ने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन में सबसे आगे है और सरकार चलाने में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू विफल रहे हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार होमगार्ड और अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करेगी। शिमला के समीप बल्देयां में आज अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही 7 सौ नए होमगार्ड कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कल्याणकारी नीतियों और कानूनों में सुधार कर आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने 13 अग्निशमन वाहनों को हरी झण्डी दिखाई और विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मण्डी में शुरू किए गए सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ज़िले के पधर और बासा में बने दो भवनों को क्रियाशील नहीं किया जा रहा है और इन्हें निजी कॉलेजों को देने की कोशिश की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मण्डी में विश्वविद्यालय प्रदेश की ज़रूरतों के अनुसार खोला गया था लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री द्वारा इस विश्वविद्यालय की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है।

सामुदायिक रेडियो

जनजातीय ज़िला किन्नौर के पूह में आज से सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू हो गया है। भारतीय सेना की ओर से प्रदेश में पहली बार सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया गया है। सेना की सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफिटनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल स्थानीय कला व संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि महत्वपूर्ण विषयों सहित आपात स्थिति में लोगों तक सूचना पहुंचाने में भी मदद मिल सकेगी।

बस किराया

प्रदेश सरकार ने राज्य में न्यूनतम बस किराया पांच से बढ़ाकर दस रुपये कर दिया है। दस रुपये का ये न्यूनतम किराया पहले चार किलोमीटर के सफर तक लागू होगा। परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। चार किलोमीटर से अधिक के सफर पर प्रति किलोमीटर किराया पहले की तरह 2 रुपये 19 पैसे के आधार पर लिया जाएगा। दूसरी ओर, भाजपा ने न्यूनतम बस किराए में की गई वृद्धि को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि इस तरह के जनविरोधी निर्णयों से जनता कांग्रेस सरकार के शासन से परेशान हो गई है।

माकपा ने भी न्यूनतम बस किराया वृद्धि के फैसले का विरोध किया है। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि प्रदेश में रेल और अन्य परिवहन साधनों के अभाव में बस सेवा ही एकमात्र परिवहन का साधन है, ऐसे में जनता विशेष रूप से किसान, मज़दूर और छात्रों पर किराया वृद्धि का बोझ पड़ेगा।

..................................................